दिन—गुरूवार दिनांक— 04 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एनडीए सरकार भारत को विकसित देश बनाने के लिए पूरे प्रयास कर रही है। जमुई में एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करते हुये श्री मोदी ने कहा कि भारत अब विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि भारत ने आतंकी गतिविधियों में शामिल और ऐसी गतिविधियों को समर्थन देने वालों को करारा जवाब दिया है। श्री मोदी ने कहा कि जो लोग बिहार के युवाओं के लिए कभी कुछ भी अच्छा नहीं कर सकते, उन्होंने युवाओं से जमीन लेकर रेलवे में नौकरी दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि लगभग डेढ़ दशक तक जंगलराज से प्रभावित रहे बिहार में अब विकास ने नई रफ्तार पकड़ ली है। उन्होंने कहा कि जमुई जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क समेत अन्य आधारभूत संरचनाओं का निर्माण नहीं हो पा रहा था। नक्सलवाद अब दम तोड़ रहा है और ऐसे क्षेत्रों में विकास के नये कीर्तिमान गढ़े जा रहे हैं।

जनसभा को संबोधित करते हुये जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार को पन्द्रह साल तक जंगलराज का दंश देने वाली पार्टी, लोगों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से बिहार में चहुमुखी विकास हो रहा है। लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में वैश्विक स्तर पर देश की प्रतिष्ठा और लोकप्रियता बढ़ी है।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र भरने की आज अंतिम तिथि है। आज कटिहार संसदीय क्षेत्र से जदयू के दुलालचंद गोस्वामी ने नामांकन पत्र भरा। इस संसदीय क्षेत्र से पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेटिक के मरंग हांसदा और निर्दलीय ज्ञानेश्वर सोरेन तथा खालिद मुबारक ने भी नामांकन पर्चा भरा। वहीं, पूर्णियां ने पप्पू यादव ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना पर्चा दाखिल किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि पप्पू यादव के साथ कांग्रेस के कई स्थानीय नेता भी मौजूद थे। इस चरण के

लिए नामांकन पत्रों की जांच कल होगी। वहीं, उम्मीदवार आठ अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं। मतदान छब्बीस अप्रैल को होगा।

———————————————————————————

बिहार कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा आज भाजपा में शामिल हो गये। नई दिल्ली में भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। पिछले दिनों अनिल शर्मा ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सएप पर फैलाये जा रहे उस भ्रामक संदेश को फर्जी करार दिया, जिसमें कहा गया है कि सरकारी कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं कर सकते है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में आयोग ने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात पात्र अधिकारी मतदाता सुविधा केन्द्र से डाक मतपत्र के जरिये मतदान कर सकते हैं। आयोग ने लोगों से जागरुक रहने और भ्रामक संदेशों से सतर्क रहने को कहा है। प्रामाणिक जानकारी के लिए लोगों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट देखने को कहा गया है।

———————————————————————————

राज्यसभा के बारह नये सदस्यों ने आज शपथ ली। उप–राष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदस्यों को संसद भवन में अपने कक्ष में शपथ दिलाई। बिहार से जदयू के संजय कुमार झा ने शपथ ली। उन्होंने मैथिली में शपथ ली।

———————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेशभर के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है।

———————————————————————————

बेगूसराय में चल रही बावनवीं सीनियर्स हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाईनल मैच में बिहार का मुकाबला दिल्ली से होगा। मैच का आयोजन शाम छह बजे से होगा।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के जमालपुर प्रखंड के जगदंबापुर फरदा बहियार में खेत में आग लग जाने से पचास बीघा खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। अग्निशमन दस्ते की मदद से आग पर काबू पाया गया। वहीं, अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र के

सुकसेना में शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण लगभग एक दर्जन फूस के घर जलकर नष्ट हो गए।

——————————————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र के उदा मोड़ के पास से पुलिस ने दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।